<u>संदेश</u>

ओणम के शुभ अवसर पर मैं सभी देशवासियों को, विशेष रूप से देश और विदेश में रहने वाले केरल के भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं।

हर्ष और उल्लास के इस पर्व पर सब लोग मिलकर नई फसल के आने की खुशी मनाते हैं। यह त्योहार केरल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपरा का उदाहरण है। इस पर्व के द्वारा हम अन्नदाता किसानों के प्रति भी अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। समृद्धि का प्रतीक यह त्योहार सामाजिक सौहार्द का भी संदेश देता है।

मैं कामना करती हूं कि हमारे देश और समाज में समरसता तथा शांति का संचार होता रहे और हम एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में निष्ठापूर्वक कार्यरत रहें।

******